**प्रेस नोट**
**दिनांक 21.03.2026**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा ईद–उल–फितर पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु शहर क्षेत्र में व्यापक भ्रमण, ड्रोन कैमरों से कड़ी निगरानी व चाक–चौबंद सुरक्षा व्यवस्थाः–**

गोण्डा। ईद–उल–फितर पर्व के अवसर पर जनपद गोण्डा में नमाज को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा स्वयं शहर क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा शहर के प्रमुख ईदगाहों एवं विभिन्न नमाज स्थलों का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मौके पर उपस्थित धर्मगुरुओं, मस्जिद कमेटी के सदस्यों एवं संभ्रांत नागरिकों से वार्ता कर आपसी समन्वय एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि सभी नमाज स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण के समुचित प्रबंध किए गए हैं। इसके साथ ही महिला पुलिस बल की भी तैनाती की गई, जिससे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पर्व के दृष्टिगत शहर क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, चौराहों एवं संवेदनशील/अतिसंवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु ड्रोन कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। इसके अतिरिक्त, जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त की जा रही है। पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है तथा महत्वपूर्ण स्थलों पर क्यूआरटी को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर भी सोशल मीडिया सेल विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना का समय रहते खंडन कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा सके। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे आपसी भाईचारा, प्रेम एवं सौहार्द बनाए रखते हुए ईद–उल–फितर पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि किसी को कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके। जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं, जिससे जनपद में पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो सके।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 21.03.2026**

## यक्ष एप की सहायता से थाना वजीरगंज पुलिस को मिली सफलता, चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल बरामद, बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में:–

### कार्यवाही–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना वजीरगंज पुलिस टीम द्वारा आधुनिक तकनीक "यक्ष एप" का प्रभावी उपयोग करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई। थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा घटना के अनावरण हेतु पारंपरिक तरीकों के साथ–साथ डिजिटल पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुए यक्ष एप का सहारा लिया गया। यक्ष एप के माध्यम से घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की सटीक लोकेशन चिन्हित की गई। विभिन्न स्थानों से सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर एप के माध्यम से उनका विश्लेषण किया गया। संदिग्ध व्यक्तियों की फोटो निकालकर यक्ष एप में अपलोड की गई। यक्ष एप के माध्यम से सर्किल के वाहन चोरों की सूची का अवलोकन कर संदिग्ध की पहचान सुनिश्चित की गई।
प्राप्त इनपुट के आधार पर अभियुक्त की गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखी गई। जिससे मात्र 02 दिनों के भीतर ही बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर कब्जे से चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की गई।

### घटना का संक्षिप्त विवरण–

वादी अजय यादव पुत्र राम औतार, निवासी ग्राम लक्ष्मनपुर, चन्दापुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा द्वारा थाना वजीरगंज पर लिखित तहरीर दी गयी कि वह वजीरगंज बाजार स्थित एक क्लीनिक पर कार्य करते हैं। दिनांक 18.03.2026 को वह अपनी मोटरसाइकिल को क्लीनिक के पास खड़ी कर ड्यूटी पर चले गए। वापस आने पर उक्त मोटरसाइकिल चोरी पाई गई। काफी खोजबीन के बावजूद वाहन का पता नहीं चल सका। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना वजीरगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान यक्ष एप के माध्यम से सीसीटीवी नेटवर्क को ट्रेस कर फुटेज का वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया, जिससे संदिग्ध की पहचान संभव हो सकी। जिसमें वजीरगंज पुलिस द्वारा दिनांक 20.03.2026 को वाहन चेकिंग के दौरान बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया तथा उसके कब्जे से चोरी की बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए बाल अपचारी को किशोर न्याय बोर्ड, गोण्डा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### पूछताछ का विवरण–

पुलिस पूछताछ में बाल अपचारी द्वारा बताया गया कि वह दिनांक 18.03.2026 को अपने घर से सवारी से कस्बा वजीरगंज आया था। इसी दौरान उसने एक बुलेट मोटरसाइकिल को, जिसमें चाभी लगी हुई थी, अस्पताल के पास एक दुकान के सामने खड़ी देखी। इधर–उधर देखकर मौका पाकर उसने उक्त मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया तथा अपने घर के पास अरहर के खेत में छिपा दिया। आज दिनांक 20.03.2026 को वह उक्त मोटरसाइकिल को बेचने के उद्देश्य से नेपाल ले जाने के लिए जा रहा था, तभी पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान उसे पकड़ लिया गया।

### पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0 104/2026 धारा 303(2) बीएनएस थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

**<u>बाल अपचारी का आपराधिक इतिहास–</u>**

01. मु0अ0सं0 254/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना नवाबगंज, गोण्डा।
02. मु0अ0सं0 399/2024 धारा 9 आर्म्स एक्ट थाना तरबगंज, गोण्डा।
03. मु0अ0सं0 211/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना तरबगंज, गोण्डा।
04. मु0अ0सं0 235/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना वजीरगंज, गोण्डा।

**<u>बरामदगी–</u>**

1. बुलेट मोटरसाइकिल।

**<u>गिरफ्तार कर्ता टीम–</u>**

1. उ0नि0 प्रवीण सिंह मय हमराह
2. हे0का0 राजकरन यादव
3. हे0का0 विनोद कुमार सोनी
4. का0 शिवम पाल

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**